दैनिक भास्कर

जयपुर 10-01-2026

जयपुर, शनिवार 10 जनवरी, 2026 | 09

# ईएसआईसी; स्प्री योजना की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाई

**जयपुर** | नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने वाली स्प्री योजना की अवधि को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के जनसंपर्क अधिकारी एसके पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय दिल्ली ने नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने वाली स्प्री योजना की अवधि को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया है। पहले यह योजना दिसम्बर 2025 में समाप्त होनी थी, परंतु नियोक्ताओं व कर्मचारियों की ओर से मिले बेहतर फीडबैक रेस्पॉन्स को देखते हुए इसे एक माह के लिए और बढ़ाया है। शुक्रवार के अंक में त्रुटिवश योजना का नाम स्त्री योजना प्रकाशित हो गया था, जबकि यह स्प्री योजना है। स्प्री योजना की अवधि बढ़ाए जाने से नियोक्ताओं व कर्मचारियों की काफी फायदा होगा। क्षेत्रीय निदेशक मनोज कुमार साव ने बताया कि बड़ी मात्रा में पात्र इकाइयों व कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया है। जबकि जानकारी व जागरूकता के अभाव में कुछ इकाइयां अब भी इस सामाजिक सुरक्षा योजना से बाहर है। इसलिए ईएसआईसी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है।